फाइल संख्या:एमओईएस/18/12/2019-स्थापना
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोधी रोड़,
नई दिल्ली-110003
दिनांक: 05 अक्टूबर, 2020

विषय: राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में **वैज्ञानिक 'जी'** के पद को सीधी भर्ती आधार पर भरना।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में वेतन मैट्रिक्स (144200–218200 रुपए) के वेतन लेवल 14 में वैज्ञानिक "जी" के पद को सीधी भर्ती आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

**भर्ती का तरीका**: सीधी भर्ती

**योग्यता और अनुभव:**

**अनिवार्य:-**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भूभौतिकी/भूकंप विज्ञान में कम से कम प्रथम श्रेणी (60%) के साथ स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष।
2. भूकंप विज्ञान/ भूकंप संबंधी अध्ययनों में शिक्षण (स्नातकोत्तर स्तर पर ) अथवा अनुसंधान और विकास में 21 वर्षों का अनुभव जो कि वैज्ञानिक प्रकाशनों द्वारा समर्थित हो।

**वांछनीय:-**

1. प्रासंगिक विषय अथवा विशेषज्ञता के क्षेत्र में डॉक्टोरेट की उपाधि।
2. संगत क्षेत्र में नीति निर्माण, नियोजन और परियोजना विकास कार्यों, प्रमुख कार्यक्रमों/परियोजनाओं के प्रबंधन तथा निर्देशन में अनुभव।

**पद से सम्बद्ध कार्य**

क. भूकम्प विज्ञान/ भूकंप से संबंधित अध्ययनों पर अनुसंधान कार्य करना और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करना।
ख. जारी वैज्ञानिक परियोजनाओं में शामिल होना और मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एनसीएस के कार्यक्रमों का कार्यान्वयन में भाग लेना।
ग. एन सी एस गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के कार्यक्रमों में शामिल होना ।

**वेतनमान**: वैज्ञानिक 'जी' के पद का वेतन मैट्रिक्स 144200–218200 रुपए के वेतन लेवल 14 में है और केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दिए जाने वाले अनुमेय भत्ते देय हैं।

**आयु सीमा (सामान्य अंतिम तिथि के अनुसार)**: 50 वर्ष से अधिक नहीं (केंद्र सरकार द्वारा जारी अनुदेशों अथवा आदेशों के अनुसार केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिलनीय)

**नोट**: आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी।

चयन प्रक्रिया: इच्छुक व्यक्ति अनुलग्नक–I पर दिए प्रपत्र में अपना आवेदन भेज सकते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन उपसचिव (स्थापना), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली 110003 के पते पर रोजगार समाचार-पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 6 सप्ताह (42 दिनों) के अंदर पहुंच जाना चाहिए तथा असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश का लाहौल और स्पीति जिला और चंबा जिले का पांगी उपमंडल तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह एवं लक्षद्वीप के आवेदक अपने आवेदन इस विज्ञापन के रोजगार समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि **60 दिनों** के अंदर भेज सकते हैं।

यह विज्ञापन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वेबसाइट www.moes.gov.in/कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट www.persmin.nic.inपर भी उपलब्ध है।

05.10.2020

(आर.के.बी. पटेल)

उप-सचिव, भारत सरकार

फोन: 011-24669515

**फाइल संख्या:**एमओईएस/18/12/2019-स्थापना

भारत सरकार

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोधी रोड,

नई दिल्ली-110003

**अनुबंध- I**

**आवेदन का प्रपत्र**

| |
|---|
| कृपया यहां पासपोर्ट फोटो लगाएं |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया गया है | | | |
| 2. | पूरा नाम (बडे अक्षरों में) | | | |
| 3. | पिता/पति का नाम | | | |
| 4. | (क) जन्म की तारीख | तारीख | माह | वर्ष |
| | (ख) आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को आयु | | | |
| 5. | राष्ट्रीयता | | | |
| 6. | धर्म | | | |
| 7. | श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग/सामान्य) | | | |
| 8. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग से संबंधित होने के अपने दावे के लिए सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त दस्तावेज/साक्ष्य संलग्न किए हैं (कृपया चिन्हित करें) | हाँ | | नहीं |
| 9. | पत्राचार हेतु पता (पिन कोड समेत) | | | |
| 10. | स्थायी पता (बडे अक्षरों में) | | | |
| 11. | संपर्क हेतु मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी | मोबाइल:<br>ईमेल: | | |

12. शैक्षिक योग्यता (10वीं कक्षा से बढ़ते क्रम में)

| क्रम संख्या | परीक्षा उत्तीर्ण | विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड | उत्तीर्ण होने का वर्ष | लिए गए विषय | डिवीजन/श्रेणी के साथ परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. व्यावसायिक प्रशिक्षण

| संगठन | अवधि | | प्रशिक्षण का विवरण |
|---|---|---|---|
| | कब से | कब तक | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

| 14. | रोजगार का विवरण (पहली नौकरी से प्रारंभ) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | नियोजक/संस्थान का नाम एवं पता | अवधि | | धारित पद का नाम एवं वेतनमान | कार्य की प्रकृति एवं दायित्व का स्तर |
| | | कब से | कब तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | अंतिम रोजगार का विवरण:<br>(i) स्थायी/अस्थायी/तदर्थ<br>(ii) वेतनमान और मूल वेतन<br>(iii) अन्य भत्ते<br>(iv) कुल वेतन (ii+iii)<br>(v) क्या आपका संगठन केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्रीय स्वायत्त संस्थान/केन्द्रीय सरकारी उपक्रम/राज्य सरकार का उपक्रम/सांविधिक निकाय/विश्वविद्यालय/कोई अन्य है- ब्यौरा दें।<br>यदि यह रोजगार प्रतिनियुक्ति/करार आधार पर किया गया है तो कृपया बताएं:<br>i) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख<br>ii) प्रतिनियुक्ति/करार पर नियुक्ति की अवधि<br>iii) मूल कार्यालय/संगठन/सेवा का नाम जिससे आप संबंधित हैं | |
| 16. | अनुसंधान कार्य/अनुभव, यदि कोई हो तो | |
| 17. | उक्त पद के लिए वांछित अनुभव के संबंध में विशेषज्ञता | |
| 18. | टिप्पणी–कोई अन्य सूचना जो आप प्रदान करना चाहें (प्रकाशनों की सूची, प्रख्यात सोसायटियों की सदस्यता, पुरस्कार और सम्मान आदि) | |
| 19. | संलग्नकों का ब्यौरा | |

20. घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है तथा इसमें कुछ भी छिपाया/असत्य नहीं कहा गया है। यदि किसी भी समय कोई असत्य सूचना/सामग्री प्राप्त होती है तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस/क्षतिपूर्ति के तत्काल समाप्त की जा सकती है।

स्थान:

(अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर)

तारीख:

## संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त की जांच की गई है और वे सही पाए गए हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक लंबित/विचारणीय नहीं है। इनके विरुद्ध गत दस वर्षों के दौरान कोई प्रमुख/गौण शास्ति नहीं लगाई गई है। इनके अद्यतन सीआर डोजियर (गत पाँच वर्षों के एसीआर/एपीएआर सहित) संलग्न हैं। इनकी सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाती है।

स्थान:

(कार्यालय/संगठन प्रमुख का नाम
एवं सील सहित हस्ताक्षर)

तारीख:

**सामान्य शर्तें:**

I. मंत्रालय बिना कोई कारण बताए इस भर्ती को निरस्त कर सकता है।

II. निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और केवल उनके होने के कारण अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना आवश्यक नहीं है। यदि विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक है, तो सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करने के लिए बुलाया जाना जांच एवं चयन समिति के लिए सुविधाजनक/संभव नहीं होगा। चयन हेतु साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए नहीं बुलाए गए अभ्यर्थियों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। किसी भी रूप में सिफारिश किए जाने पर अभ्यर्थी को अयोग्य कर दिया जाएगा।

III. अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं पूर्ण हाने के बाद से ही अनुभव गिना जाएगा।

IV. आवेदन करने का तरीका : आवेदन (ए-4 आकार 210 x 297मिमी.) के सादे कागज पर निर्धारित प्रपत्र मे स्वच्छ टंकित होना चाहिए।

क. सरकारी/ अर्द्ध-सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों/सांविधिक निकायों में कार्यरत अधिकारी अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

ख. शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि, अनुभव से संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न होनी चाहिएं। मांगे जाने पर अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

ग. अंतिम तारीख के बाद प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसे आवेदनों के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

घ. पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन पत्र एक लिफाफे, जिस पर "वैज्ञानिक जी के पद हेतु आवेदन" लिखा हो, रोजगार समाचार/प्रमुख समाचार पत्रों में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 42 दिनों के अंदर (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख डिवीजन, हिमालय के लाहौल और स्पीति जिला और चंबा जिले का पांगी सब डिवीजन अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के निवासी 60 दिनों के अंदर, उप सचिव (स्थापना), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जाना चाहिए।

यह विज्ञापन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइटwww.persmin.nic.inपर भी उपलब्ध है।

**(जिन आवेदकों ने एम.ओ.ई.एस/18/12/2019-स्था. दिनांक 30/12/2019 के विज्ञापन के तहत पद के लिए पहले आवेदन किया है उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है)**

05.10.2020

(आर.के.बी. पटेल)

उपसचिव , भारत सरकार

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोधी रोड,
नई दिल्ली– 110003

**विज्ञापन संख्या:एमओईएस/18/12/2019-स्थापना**

**राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में वैज्ञानिक 'जी' के पद को सीधी भर्ती आधार पर भरना।**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) **राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में वैज्ञानिक-जी** के पद को सीधी भर्ती आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद सीधी भर्ती आधार पर भरा जाना है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 42 दिन (पूर्वोत्तर भारत, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप के उम्मीदवार अपने आवेदन इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 60 दिन) के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं।

(जिन आवेदकों ने एम.ओ.ई.एस/18/12/2019-स्था. दिनांक 30/12/2019 के विज्ञापन के तहत पद के लिए पहले आवेदन किया है उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है)

05.10.2020

**(आर.के.बी. पटेल)**

**उपसचिव (स्थापना)**

यह विज्ञापन निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

www.moes.gov.in,

www.persmin.nic.in